## खबर संक्षेप

### छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार,भेजा गया जेल

**सतना।** पुलिस ने कॉलेज छात्रा को परेशान करने और हाथ पकड़कर बदसलूकी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता 9 जनवरी को कॉलेज से लौट रही थी,तभी आरोपी ने उसे रास्ते में रोका और अभद्रता की। आरोपी की पहचान अनुज पाण्डेय उर्फ वीरू पाण्डेय 28 वर्ष निवासी प्रेमनगर के रूप में की गई। थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में साइबर सेल की मदद से आरोपी को पकड़ा गया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### 38 किमी सड़क निर्माण को मिली मंजूरी

**उमरियापान।** स्लीमनाबाद–विलायतकला मार्ग के निर्माण/उन्नयन हेतु 38.18 किलोमीटर लंबाई के कार्य को मंजूरी दी गई है, जिसकी कुल लागत 10.70 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। यह स्वीकृति लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा जारी पत्र के माध्यम से बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह धीरू को अवगत कराई गई। पत्र में उल्लेख है कि उक्त निर्माण कार्य से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और स्थानीय नागरिकों को आवागमन में राहत मिलेगी । क्षेत्रवासियों ने इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को लेकर प्रसन्नता जताई है और उम्मीद व्यक्त की है कि कार्य शीघ्र प्रारंभ होकर समयबद्ध रूप से पूर्ण होगा । स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों का मानना है कि यह सड़क विकास को नई गति देगी।

### आदिवासी परिवारों द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय का किया गया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों आदिवासी परिवारों ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया। इन परिवारों ने वन विभाग की भूमि पर पट्टा दिए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। ये परिवार अपनी जमीन से बेदखल होकर वर्षों से बाणसागर तालाब के किनारे बसे हुए हैं। बारिश के दिनों में इनके घरों में पानी भर जाता है, जिससे इनकी मुश्किलें बढ़ जाती हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार ने पूर्व में डूब क्षेत्र में आने वाले परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जमीन देने का वादा किया था। हालांकि, प्रशासन ने केवल मुआवजा देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली और पुनर्वास के नाम पर जमीन नहीं दी। जमीन न मिलने के कारण ये परिवार भूमिहीन होकर भटक रहे हैं। जीविका के साधन के अभाव में उन्हें 'खुरई' जैसे क्षेत्रों में जाकर मजदूरी करनी पड़ रही है।

# बस स्टैंड शिफ्टिंग पर कलेक्ट्रेट में हंगामा, बेपटरी हुई व्यवस्था; बस संचालकों ने दी हड़ताल की चेतावनी

**मैहर, अमरपाटन और रीवा रूट के संचालकों ने अपनी पीड़ा रखते हुए कहा**

सतना

शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए नए बस स्टैंड (आईएसबीटी) से बसों के संचालन का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासन और बस संचालकों के बीच आयोजित बैठक बेनतीजा रही। बैठक के दौरान एक संचालक के अभद्र व्यवहार और तेज आवाज में बात करने से नाराज होकर कलेक्टर सतीश कुमार एस बीच में ही सभा छोड़कर बाहर निकल गए।



### बैठक में गरमाया माहौल,कलेक्टर ने जताई नाराजगी

जिला कलेक्ट्रेट में कलेक्टर सतीश कुमार एस,एसपी हंसराज सिंह और आरटीओ संजय श्रीवास्तव की मौजूदगी में बैठक शुरू हुई। मैहर,अमरपाटन और रीवा रूट के संचालकों ने अपनी पीड़ा रखते हुए कहा कि वे 15 दिनों से आईएसबीटी से संचालन कर रहे हैं,लेकिन कुछ प्राइवेट बसें अब भी पुराने मार्ग से सवारियां उठा रही हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। चर्चा के दौरान जब राजेश सिंह (गहरवार बस सर्विस) ने रूट निर्धारण की मांग उठाई,तो आरटीओ ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इसी बीच,बस संचालक कुदरतउल्ला बेग ने बेहद तेज आवाज और आक्रामक लहजे में बात करना शुरू कर दिया। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए कलेक्टर ने कहा,हम यहां जनता और आपकी समस्या सुनने बैठे हैं,लेकिन ऐसे में बात नहीं हो पाएगी,इतना कहकर वे बैठक से उठकर चले गए। बाद में अपर कलेक्टर विकास सिंह ने मोर्चा संभाला और स्पष्ट किया कि जनहित में संचालन नए बस स्टैंड से ही होगा। एक ओर प्रशासन समाधान खोजने में जुटा है,वहीं दूसरी ओर हड़ताल की आड़ में अराजकता का नंगा नाच देखने को मिल रहा है। खबरें आ रही हैं कि हड़ताल में शामिल कुछ चालक और परिचालक नशे की हालत में यात्रियों और मीडियाकर्मियों से बदसलूकी व झूमाझटकी कर रहे हैं।

### ऑटो सवारों को मिली धमकी

नागौद मार्ग और अन्य इलाकों में हड़ताली कर्मी जबरन ऑटो रुकवाकर सवारियों को उतार रहे हैं और ऑटो चालकों के साथ मारपीट कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के अनुसार,एक तरफ यूनियन हड़ताल का दावा कर रही है,तो दूसरी तरफ कुछ बसें चोरी-छिपे ओवरलोड सवारियां भरकर चल रही हैं। संचालकों ने अब दो-टूक कहा है कि यदि सभी बसों को अनिवार्य रूप से नए स्टैंड पर शिफ्ट नहीं किया गया,तो वे भी अपने पहिए थाम देंगे। उनका आरोप है कि भेदभावपूर्ण नीतियों के कारण वे घाटे में जा रहे हैं। अपर कलेक्टर ने साफ किया है कि प्रशासन जल्द ही बुनियादी सुविधाएं पूरी करेगा और रूट मैप भी फाइनल होगा,लेकिन बसों का संचालन आईएसबीटी से ही करना होगा। अब देखना यह है कि प्रशासन इन 'अराजक तत्वों' पर क्या कार्रवाई करता है और शहर की चरमराई परिवहन व्यवस्था कब तक पटरी पर लौटती है।

## रोमांचक मुकाबले में रीवा वॉरियर्स और लोको टीम विजयी, अगले दौर में बनाई जगह

सतना।

रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित रेलवे प्रीमियर लीग में आज खेल प्रेमियों को दो बेहद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। रीवा वॉरियर्स और लोको टीम ने अपने-अपने मैच जीतकर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश कर लिया है।




### रीवा वॉरियर्स ने इंजीनियरिंग को 5 रनों से हराया

दिन का पहला मुकाबला रीवा वॉरियर्स और इंजीनियरिंग टीम के बीच खेला गया। इंजीनियरिंग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। रीवा वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.5 ओवरों में 90 रन बनाए और पूरी टीम ऑल आउट हो गई। सर्वाधिक स्कोर आकाश (23 रन) का रहा,जबकि संजीव ने 18 और तेजराज ने 14 रन जोड़े। इंजीनियरिंग की ओर से अवधेश ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके,वहीं राजेश को 3 और सुनील को 2 विकेट मिले। 91 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंजीनियरिंग टीम निर्धारित 15 ओवरों में 8 विकेट खोकर 85 रन ही बना सकी और 5 रनों से मैच हार गई। राम बालक (25) और विपिन (23) की कोशिशें टीम को जीत नहीं दिला पाईं। रीवा की ओर से कृष्ण कुमार ने 3,जबकि निखिल और नंद कुमार ने 2-2 विकेट लिए। शानदार गेंदबाजी के लिए कृष्ण कुमार को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

### लोको टीम ने पीआरडी को 3 विकेट से दी शिकस्त

दूसरा मैच लोको बनाम पीआरडी के मध्य हुआ। लोको टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पीआरडी ने पहले खेलते हुए 15 ओवरों में 9 विकेट पर 100 रन बनाए। चंदन कुमार (24), विक्रम (18) और मनोरंजन (14) मुख्य स्कोरर रहे। लोको की ओर से पवन पांडे ने 3 और ओमप्रकाश ने 2 विकेट लिए। जवाब में लोको टीम ने जुझारू बल्लेबाजी करते हुए 14.3 ओवरों में 7 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अनूप ने शानदार 41 और गौतम ने 30 रन बनाए। TRD के विक्रम को 2 विकेट मिले। अनूप मिश्रा को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन (41 रन, 1 विकेट) के लिए 'मैन ऑफ द मैच' से नवाजा गया। विशेष अतिथि एवं सम्मान मैच के दौरान नगर निगम सतना की 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' ब्रांड एंबेसडर मीनाक्षी सिंह मुख्य अतिथि रहीं,जिनका स्वागत सचिव यादवेंद्र सिंह एवं कोषाध्यक्ष नीरज राज ने किया। वरिष्ठ अनुभाग अभियंता संतोष सिंह,ओपी यादव और फूड इंस्पेक्टर प्रियांशु पाठक ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

## महापौर ने वार्ड क्रमांक 6 में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



**सतना।** नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने वार्ड क्रमांक 06 में 36 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। यह निर्माण कार्य वार्ड के विकास को नई गति देने के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर एवं सुदृढ़ मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी,नगर निगम निर्माण विभाग अध्यक्ष गोपी गेलानी,वार्ड पार्षद रावेंद्र सिंह मिथलेश,वरिष्ठ समाजसेवी शिवपाल तिवारी,समर सिंह बघेल,रमेश सोनी,डी. एन. सिंह,कृष्ण कुमार गर्ग,बिहारीलाल सोनी,कार्यपालन यंत्री आर. पी. सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## मंदिरों की सुरक्षा को लेकर पुलिस और पुजारियों की अहम बैठक, सीसीटीवी और गार्ड रखने पर बनी सहमति

सतना।

शहर के मंदिरों में हो रही चोरी की हालिया घटनाओं को देखते हुए पुलिस प्रशासन मुस्तैद हो गया है। बुधवार को सीएसपी कार्यालय सभागार में शहर के तीनों थाना प्रभारियों और क्षेत्र के प्रमुख मंदिर पुजारियों की एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करना और चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाना रहा।




### सुरक्षा गार्ड और रात्रि चौकसी

पुजारियों से अनुरोध किया गया कि वे मंदिर की सुरक्षा हेतु निजी गार्ड नियुक्त करें या कम से कम एक व्यक्ति की रात्रि में उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। सुरक्षा के आधुनिक मापदंडों को अपनाते हुए सभी मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर विशेष जोर दिया गया,जिस पर सभी पुजारियों ने अपनी सहमति जताई। आरती और पूजा के पश्चात भगवान के सोने-चांदी के छत्र,मुकुट और अन्य कीमती आभूषणों को मंदिर के खुले स्थान पर न छोड़कर,पुजारियों की देखरेख में किसी गुप्त व सुरक्षित स्थान पर रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन ने वर्तमान में मंदिरों में मौजूद भगवान के समस्त आभूषणों की एक अद्यतन सूची उपलब्ध कराने की अपेक्षा की है,ताकि रिकॉर्ड सुरक्षित रहे। बैठक के अंत में सभी पुजारियों ने पुलिस के इन सुरक्षा सुझावों का समर्थन किया और अपराध नियंत्रण में सहयोग का आश्वासन दिया।

### अवैध शराब तस्करी का मुख्य आरोपी नीरज पाठक गिरफ्तार

**सतना।** उचेहरा थाना पुलिस ने पिछले साल दिसंबर से फरार चल रहे शराब तस्करी के मुख्य आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 4 दिसंबर 2025 को पुलिस ने एक ऑटो से 07 कार्टन (350 पाव) अंग्रेजी गोवा व्हिस्की जब्त की थी। उस समय दो आरोपी आकाश साकेत और एक किशोर पकड़े गए थे,जिन्होंने बताया था कि शराब नीरज पाठक निवासी उचेहरा की थी। मुख्य आरोपी नीरज पाठक घटना के बाद से फरार था,जिसे आज 28 जनवरी गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

## नगर निगम की 'गड्ढा' नीतिः शास्त्री चौक पर फंसा 'छोटा हाथी', विकास के दावों की निकली हवा





**सतना।** शहर के हृदय स्थल शास्त्री चौक और चौक बाजार इन दिनों 'स्मार्ट सिटी' की दास्तां कम और 'नरक' का द्वार ज्यादा नजर आ रहे हैं। सीवर लाइन के नाम पर सड़कों का सीना चाक कर उन्हें लावारिस छोड़ देना अब शहरवासियों की नियति बन चुकी है। ताज़ा मामला शास्त्री चौक का है,जहाँ सीवर लाइन के लिए खोदे गए आधे-अधूरे गड्ढे में एक 'छोटा हाथी' (मालवाहक) फंस गया। विकास की कीचड़ में फंसी जिंदगी हल्की सी बारिश ने नगरनिगम के उन तमाम दावों की पोल खोल दी है,जो कागजों पर शहर को चकाचक बताते हैं। सड़क पर बिछी कीचड़ और गहरे गड्ढों के कारण न केवल गाड़ियाँ फंस रही हैं, बल्कि राहगीरों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। चौक बाजार जैसे व्यस्ततम क्षेत्र में व्यापारियों का धंधा मंदा पड़ गया है और ग्राहक इस 'कीचड़-सर्कस' से बचने के लिए यहाँ आने से कतरा रहे हैं। जिम्मेदार मौन,जनता त्रस्त सीवर प्रोजेक्ट की कछुआ चाल ने सतना को गड्ढों का शहर बना दिया है। सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतज़ार कर रहा है? गड्ढे में फंसे वाहन को निकालने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी,जिससे यातायात भी बाधित रहा। अगर समय रहते इन सड़कों का सुधार नहीं किया गया,तो शहर की जनता का आक्रोश कभी भी फूट सकता है।अधिकारी एसी कमरों से बाहर निकलें और शास्त्री चौक की इस बदहाली को देखें।

## कांग्रेस सेवादल ने उत्साह के साथ मनाया 77वां गणतंत्र दिवस, संविधान की रक्षा का लिया संकल्प



**मैहर।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस के गौरवशाली अवसर पर स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस सेवादल द्वारा भव्य ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष धर्मेश घई और सेवादल जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ 'वंदे मातरम' के ओजस्वी गायन और तिरंगे को सलामी देकर किया गया। इसके पश्चात महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। सेवादल के सिपाहियों ने उपस्थित अतिथियों का सूत की माला पहनाकर स्वागत किया। अरुण तनय मिश्र जिला अध्यक्ष,सेवादल ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ और भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य बना। हमें अमर शहीदों के बलिदान को याद रखते हुए संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए। धर्मेश घई जिला अध्यक्ष,कांग्रेस ने गणतंत्र दिवस को अतीत और भविष्य के अवलोकन का अवसर बताया। उन्होंने सीमा पर तैनात जवानों, आंतरिक सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों और अन्नदाता किसानों के योगदान की सराहना की।रमापति गौतम वरिष्ट नेता उन्होंने नागरिकों को उनके अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की याद दिलाई और न्याय, स्वतंत्रता व समानता को जीवन में उतारने पर जोर दिया। इस अवसर पर योगेंद्र प्रताप सिंह,प्रभात द्विवेदी, रामभद्र पांडे,रमेश प्रजापति,अमजद खान और जितेंद्र कुशवाहा सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सामाजिक न्याय के पुरोधा जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मैहर में मनाई गई




**मैहर।** एस.सी., एस.टी. एवं ओ.बी.सी.महासभा के तत्वावधान में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह का गरिमामयी आयोजन देवीजी रोड स्थित संत रविदास आश्रम में किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों ने एकजुट होकर जननायक के आदर्शों को याद किया। समारोह में देवदत सोनी ने प्रभावशाली भूमिका निभाते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन वंचितों और पिछड़ों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उनके द्वारा दिखाए गए सामाजिक न्याय के मार्ग आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेपी शास्त्री (राष्ट्रीय अध्यक्ष,मौलिक अधिकार पार्टी) रहे और अध्यक्षता पूर्व विधायक डॉ.आई.एस. वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार कोल,एडवोकेट पी.के.शुक्ला और बी.एल.सेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट राजेन्द्र सेन और वीरेन्द्र सिंह कुसेड़ी ने किया। इस दौरान अमृतलाल पटेल,स्वामीदान कुशवाहा,आर.जी.सेन,रामसनेही सेन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्यवाही,कृष्णा इन्फ्रास्ट्रक्चर के दो ट्रक जब्त

**सतना।** मझगवां तहसील क्षेत्र के देवलहा में प्रशासन ने अवैध उत्खनन के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। तहसीलदार ने छापेमारी के दौरान अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन कर रहे दो ट्रकों को रंगे हाथों पकड़ा। दोनों ट्रक 'कृष्णा इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी' के बताए जा रहे हैं। बिना अनुमति के खनन और परिवहन करने के कारण दोनों वाहनों को जब्त कर मझगवां थाना परिसर में खड़ा करवाया गया है।



बिजनेस साइट

## इक्विटी इन्वेस्टिंग में बिजनेस साइकिल फंड्स की भूमिका को समझें

**सतना।** एक बिजनेस साइकिल के ग्रोथ या विस्तार फेज में आमतौर पर बेहतर इकोनॉमिक इंडिकेटर्स होते हैं, जैसे कि बढ़ता आउटपुट, बढ़ती रोजगार, मजबूत कॉर्पोरेट कमाई, और स्थिर महंगाई, जिसके बाद आखिरकार मंदी या गिरावट आती है। फिलहाल, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत आर्थिक विकास और अपेक्षाकृत कम महंगाई से पहचानी जाती है। इसलिए निवेशक उम्मीद कर रहे हैं कि इससे इक्विटी में अच्छा रिटर्न मिलेगा।

हालांकि, इक्विटी एक एसेट क्लास के तौर पर अच्छा प्रदर्शन कर सकती है, लेकिन सिर्फ इक्विटी में निवेश करना ही काफी नहीं हो सकता है। जब सब कुछ निचले स्तर से ऊपर उठता है, तो सभी को फायदा होता है, और व्यापक मार्केट एक्सपोजर से फायदा मिल सकता है। जैसे-जैसे मार्केट विकसित होते हैं और कीमतें एडजस्ट होती हैं, रिटर्न पोजिशनिंग, टाइमिंग और वैल्यूएशन अनुशासन पर निर्भर करता है। ठीक यहीं पर बिजनेस साइकिल म्यूचुअल फंड, सही समय पर इक्विटी मार्केट के सही हिस्सों में निवेश करके, वैल्यू जोड़ सकते हैं।

जैसे-जैसे आर्थिक विकास ज्यादा दिखाई देने लगता है और कीमतों में झलकता है, मार्केट, जो भविष्य को देखते हैं, आम तौर पर बेहतर आर्थिक माहौल को दिखाने के लिए स्टॉक की कीमतों को ऊपर की ओर एडजस्ट करते हैं - जिससे अतिरिक्त रिटर्न कमाना मुश्किल हो जाता है। बिजनेस साइकिल म्यूचुअल फंड्स को ओवर-ओन्ड, ओवर-वैल्यूड सेक्टर्स से बचने और चुनिंदा रूप से उन अंडर-ओन्ड सेगमेंट्स में निवेश करने के लिए डिजाइन किया गया है जहां कमाई की गति अभी भी बेहतर हो रही है।



संतोष सिंह
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, सतना

साथ ही, कभी-कभी अनुकूल मैक्रो माहौल के बावजूद, मार्केट रिटर्न समान रूप से वितरित नहीं होते हैं, क्योंकि विस्तार के परिपक्व होने पर सेक्टर्स और स्टॉक्स के बीच कमाई की ग्रोथ में अंतर होता है। इसलिए बिजनेस साइकिल म्यूचुअल फंड्स के माध्यम से सक्रिय सेक्टर और स्टॉक चयन व्यापक मार्केट स्वामित्व पर वैल्यू जोड़ सकता है।

जैसे-जैसे साइकिल आगे बढ़ती है, मार्केट लीडरशिप भी बदलती रहती है। बिजनेस साइकिल म्यूचुअल फंड्स अपने पोर्टफोलियो को न केवल मौजूदा साइकिल में खेलने के लिए, बल्कि अगली साइकिल से भी फायदा उठाने के लिए तैयार करते हैं, धीरे-धीरे उन सेक्टर्स में एक्सपोजर कम करते हैं जो अपने चरम पर पहुंच चुके हैं और उन सेक्टर्स में एक्सपोजर बढ़ाते हैं जो बढ़ने वाले हैं।

भारत में, लगभग 18 फंड इस रणनीति का पालन करते हैं। ऐसे में, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड पर विचार कर सकते हैं, जिसे जनवरी 2021 में लॉन्च किया गया था। फंड ने लगातार प्रदर्शन किया है, जिसने 31 दिसंबर, 2025 तक एक साल का सीएजीआर 15.59 प्रतिशत, तीन साल का 22.59 प्रतिशत सीएजीआर और लॉन्च के बाद से 21.02 प्रतिशत सीएजीआर दिया है, जो इन समय अवधियों में अपने बेंचमार्क से 4-8 प्रतिशत अंकों की सीमा में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

## रिजल्ट कमजोर होने पर जिला शिक्षा अधिकारी होंगे जबाव देह-कलेक्टर

**शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक**

**मैहर।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने कहा कि शिक्षा विभाग को हायर सेकेण्डरी और हाईस्कूल के रिजल्ट में सुधार लाने प्राचार्यों की प्रत्येक दो माह में कलेक्ट्रेट में बैठक करने का निर्णय लिया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी चालू शैक्षणिक सत्र में बैठक बुलाने में असफल रहे हैं। हायर सेकेण्डरी और हाईस्कूल की परीक्षायें 10 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। इस बार जिले का रिजल्ट कमजोर हुआ तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी की होगी। कलेक्टर ने बुधवार को शिक्षा विभाग और जिला शिक्षा केन्द्र की गतिविधियों की समीक्षा की। इस मौके पर डीईओ कंचन श्रीवास्तव,डीपीसी विष्णु त्रिपाठी,बीईओ, बीआरसी भी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप


### इंडिया स्किल्स 2025-26, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन





**पन्ना।** यदुपति सिंघानिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पन्ना (ल्चैप्ज चंदद) द्वारा दिनांक '27 जनवरी 2026' को 'इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025द्26' के अंतर्गत 'राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता' का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कुल 'तीन जॉब रोल' में आयोजित की गई, जिनमें - 1. 'ब्रिकलेइंग (ठतपबासंलपदह)' 2. 'वॉल एंड फ्लोर टाइलिंग (ॅंसस - थ्सववत जपसपदह)' 3. 'रिन्यूएबल एनर्जी (त्मदमूंइसम म्दमतहल)' शामिल थे। प्रतियोगिता में 'ब्रिकलेइंग ट्रेड में कुल 16 प्रतिभागियों, ''वॉल एंड फ्लोर टाइलिंग में 12 प्रतिभागियों' तथा 'रिन्यूएबल एनर्जी ट्रेड में 27 प्रतिभागियों' ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम 'जे.के. सीमेंट वर्क्स (श्रझइॅ)' के 'यूनिट हेड श्री कपिल अग्रवाल, ''कमर्शियल हेड श्री आलोक गौतम' एवं 'माइनिंग हेड श्री सुरेश वांद्रे' के 'मुख्य आतिथ्य' में संपन्न हुआ। उनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायक उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। कार्यक्रम में 'शासकीय आईटीआई पन्ना' से आए जूरी सदस्यों के साथ-साथ 'कानपुर' एवं 'जे.के. सीमेंट प्लांट' के विषय विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर 'ल्चैप्ज पन्ना के प्राचार्य श्री मनीष कुमार बुनकर एवं समस्त स्टाफ सदस्य' भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता ने प्रशिक्षुओं को अपने कौशल प्रदर्शन का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया तथा राज्य स्तर पर प्रतिस्पर्धा का महत्वपूर्ण अनुभव दिलाया। इस प्रकार का प्रतिष्ठित आयोजन करना 'ल्चैप्ज पन्ना' के लिए गर्व का विषय है, जो संस्थान की गुणवत्ता एवं कौशल विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### पन्ना पुलिस द्वारा महर्षि हायर सेकेंडरी स्कूल पन्ना में आयोजित किया गया यातायात जागरूकता प्रशिक्षण सत्र



**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय पी.टी.आर.आई. भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से "सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा" थीम पर दिनांक 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु दर में कमी लाना है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा महर्षि हायर सेकेंडरी स्कूल, पन्ना में आयोजित यातायात जागरुकता कार्यक्रम मे छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान तेज गति से वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन चलाना, ब्रेकिंग डिस्टेंस न रखना, गलत तरीके से ओवरटेक करना, बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, ओवरलोडिंग को सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण बताया गया। इनसे बचाव हेतु यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### दक्षिण वन मण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा की अहम भूमिका

# औषधीय पौधों की खोज से जगदीश प्रसाद अहिरवार प्रधानमंत्री की मन की बात से बने मिसाल

विभाग प्रमुख चाहे तो अपने विभाग के मातहतों को टीम भावना के साथ जहां उनके स्वयं के व्यक्तित्व को निखारते हुये वहीं जिले के विकास के साथ-साथ जिले को पूरे देष में दिषा देने के लिये अनुकरणीय बना देते है। उदाहरण के तौर पर दक्षिण वन मण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा आज नींव का पत्थर कहे जा सकते है, जहां मन की बात में जगदीष प्रसाद अहिरवार को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने जो औषधीय पौधों की पहचान जड़ीबूटियों को लेकर जगदीश प्रसाद अहिरवार की कार्यप्रणाली को सराहा जिसके असल हीरो तो बने नींव का पत्थर डीएफओ दक्षिण वन मण्डल अनुपम शर्मा।





**पन्ना।**

समय कब किसकी किस्मत हीरे की तरह चमक बिखरने को लेकर जानी जा सकती है यहां यह समय ही तय करता है जिस तरह से वन रक्षक जगदीष प्रसाद अहिरवार जो दक्षिण वन मण्डल पन्ना मोहन्द्रा रेंज के पक्षिम मोहन्द्रा बीट में पदस्त है इसके पहले भी पन्ना जिले में दक्षिण वन मण्डल की कई बीटों में आपने सेवायें दी पर वर्तमान समय में दक्षिण वन मण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा जिनका जैसा नाम वैसा नाम नजर आता है पटल पर। आपकी सोच के चलते जहां जगदीष प्रसाद अहिरवार के पहले ही बीरेन्द्र पटेल जो कल्दा देंज में बीटगार्ड के रूप में पदस्थ है जिनको दिषा दी गई और पक्षियों के बारे में संकलन करके एक पुस्तक का प्रकाषन किया गया। वहीं से आगे यह सोच बढती गई और औषधीय पौधों को लेकर जो जड़ीबूटियों के रूप में पहचान करते हुये मोहन्द्रा रेंज में पदस्थ बीटगार्ड जगदीष प्रसाद अहिरवार को प्रेरणा देने का कार्य दक्षिण वन मण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा जी ने कहीं न कहीं न दिषा मागदर्षन किया जिस तरह से बीरेन्द्र पटेल की पुस्तक के बाद उन्हें जाना गया उसी तरह जड़ीबूटियों में काम आने वाले औषधीय पौधों के बारे में उनका नाम खोज को लेकर जगदीष प्रसाद अहिरवार को कार्य करने के लिये तो कहा ही गया इसके साथ-साथ उसकी पुस्तक का प्रकाषन भी कराया गया। जिसके चलते कहीं न कहीं यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में जिस तरह से जगदीष प्रसाद अहिरवार बीटगार्ड से बात की और उसके कार्य को लेकर सराहा गया। समूचे देष में पन्ना जिले का नाम भी रोषन हुआ। वहीं जगदीष प्रसाद अहिरवार की सोच औषधीय पौधों की खोज जड़ीबूटियों को लेकर जो सराही गई जो समूचे सेवाकाल में जगदीष प्रसाद को जाना नहीं गया वहीं पीएम मोदी की मन की बात से जिन्हें पूरे देष में जाना गया पर इसके पीछे वास्तविक्ता में श्रेय इस दिषा को लेकर कहीं न कहीं असल हीरो जिनकी सोच जैसा नाम वैसा काम दक्षिण वन मण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा है यह बात तो तब निकल कर आई जब जगदीष प्रसाद अहिरवार बीटगार्ड से सीधी बात की इस सफलता के मुकाम को तय करने में आखिरकार इसके पीछे प्रेरणा देने वाला कौन तभी स्वयं जगदीष प्रसाद अहिरवारने पूरी दास्तां बयां की जो दक्षिण वन मण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा जी ने जिन्हें प्रेरणा दी वहीं उसके साथ-साथ उदाहरण के रूप में बीरेन्द्र पटेल की पुस्तक पक्षियों के बारे में जो संकलन को लेकर छपी थी उससे कहीं न कहीं हौसलों की उड़ान आगे बढी और जगदीष प्रसाद भी उसीराह पर चल पड़े समय कब किसकी किस्मत हीरे की तरह चमक बिखरने को लेकर जानी जाती है वह कार्य जगदीष प्रसाद अहिरवार बीटगार्ड मोहन्द्रा पष्चिम मोहन्द्र रेंज में जो पदस्थ है उनका वह समय मन की बात देष के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के कार्यक्रम में जो सीधी बात हुई जिससे समूचे देष में पन्ना जिला के साथ-साथ जगदीष प्रसाद अहिरवार बीटगार्ड की सोच औषधीय पौधों को लेकर सामने आई। इनकी कार्यप्रणाली पर यह तो जिस तरह से मार्ग प्रसस्त्र करने को लेकर उन्हें दिषा देने वाले असल हीरो दक्षिण वन मण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा की कार्यप्रणाली से आज देष में पन्ना का नाम भी उनकी सोच के चलते जाना गया है। वर्तमान समय में भी पन्ना के हीरे के रूप में कई जगह उनकी सोच व्यक्तित्व को लेर कई कार्यक्रमों में जानी जाती है पर यहां तो नींव का पत्थर ही इस बिल्डंग के नीचे सफलता के राज को लेकर राज ही बना हुआ था अगर जगदीष प्रसाद अहिरवार बीटगार्ड स्वयं बयां न करते पर दिषा देने के साथ-साथ अनुकरण करके कार्य रूप में परिणित करने को लेकर लगन व निष्ठा से सफलता का मुकाम तय होता है जो मन की बात के बाद सामने आया।

### पॉलीटेक्निक पवई के विद्यार्थी मल्टीनेशनल कंपनी में करेंगे कार्य

# शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में विंड वर्ल्ड का प्लेसमेंट आयोजित

**पवई**

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में विंड वर्ल्ड लिमिटेड के द्वारा प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई, पन्ना एवं कटनी के मैकेनिकल, इलेक्ट्रानिक्स एंड टेली कम्यूयनिकेशन, इलेक्ट्रिकल के विद्यार्थी शामिल हुये। प्लेसमेंट कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती के पूजन से प्रारम्भ हुआ। इसके बाद कंपनी के एचआरए प्रमुख विश्वास महाजन ने कंपनी के बारे में जानकारी देते हुया बताया कि यह मल्टीनेशनल कंपनी भारत पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से लगातार कार्य कर रही है। यह प्लेसमेंट मुख्य रूप से राजस्थान, महाराष्ट्र एवं गुजरात के लिए किया गया है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये संस्था प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी ने विद्यार्थियों के स्किल पर ज़ोर देते हुये बताया कि केवल पढ़ाई से आगे बढ़ने के चांस कम होते है, एक बार किसी कंपनी में कार्य करने पर ही विद्यार्थी अपनी दक्षता को बढ़ा सकता है और इसी के आधार पर अपने भविष्य को सुखद बना सकता है। संस्था प्राचार्य द्वारा पूर्व में हुये प्लेसमेंट की जानकारी भी दी। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना से विशेष रूप से पधारे श्रीमति कमला अग्रवाल, प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सतना द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि यह एक सुनहरा अवसर है जब आप किसी कंपनी में जाकर अपनी पढ़ाई के दौरान अर्जित ज्ञान का सही उपयोग कर सकते हैं, उन्होने आगे कहा कि कोई भी कंपनी अच्छा वर्कर चाहती है और कठिन मेहनत एवं अनुशासन से ही अच्छा वर्कर बनकर किसी कंपनी में आगे बढ़ा जा सकता है। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई के टीपीओ रामपाल कुशवाहा ने बताया कि इस प्लेसमेंट में शामिल होने हेतु पॉलीटेक्निक पवई, पन्ना, सतना एवं कटनी के कुल 82 पात्र विद्यार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। जिसमें से 47 विद्यार्थी लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से पॉलीटेक्निक पवई से 14 पन्ना से 03 एवं सतना से 13 विद्यार्थी कुल 30 विद्यार्थी कंपनी के रूल्स अनुसार चयनित हुये हैं। उन्होने आगे बताया कि कंपनी के द्वारा चयनित विद्यार्थियों को उनके मेल के माध्यम से शीघ्र ही जॉइनिंग लेटर भेजे जाएँगे। सभी चयनित विद्यार्थियों को संस्था के आकाश गुप्ता व्याख्याता सिविल, आशीष त्रिपाठी, एन पी वर्मा, मोतीलाल त्रिपाठी, मूलचंद सिंह, प्रतिपाल सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, सन्नी कचेर, निशि पाण्डेय, डॉ. शशिकान्त पाठक, रमा सोनी, राखी परमार, प्रसुन्न रेले, बसंत बागरी, कार्तिकेय शुक्ला, तथा सृष्टि नागायच, पुष्पेंद्र पटेल, झलक सोनी ने बधाइयाँ दी है। इस प्लेसमेंट को सफल बनाने में राजेश सेन, देवेंद्र गर्ग, पुनीत द्विवेदी, घनश्याम, लोकनाथ, सुशील, पवन पाठक, राखी खंगार, विकास, नरेंद्र, प्रसन्न, शिवराम, रामेसुरी ने सहयोग दिया है।





# पवई रेंज में अनुभूति नेचर कैंप का समापन, बच्चों को मिला प्रकृति संरक्षण का व्यवहारिक ज्ञान

**पवई।** पवई रेंज अंतर्गत पन्नी नाला क्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय अनुभूति नेचर कैंप का बुधवार को विधिवत समापन किया गया। इस कैंप में संदीपनी विद्यालय पवई, कन्या शाला पवई एवं मॉडल स्कूल पवई के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समापन दिवस पर बच्चों को जंगल दर्शन कराया गया, साथ ही वन्यजीवों की जानकारी, नर एवं मादा जीवों में अंतर, औषधीय पौधों की पहचान, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए इसे ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताया। वन परिक्षेत्र अधिकारी नितेश पटेल ने बच्चों को प्रकृति से जुड़ाव बनाए रखने का संदेश देते हुए अनुभूति कैंप का समापन किया। इससे पूर्व मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को पन्नी नाला स्थित हनुमान धारा से निकलने वाले नेचर ट्रेल पर भ्रमण कराया गया, जहां दूरबीन के माध्यम से विभिन्न पक्षियों का अवलोकन कराया गया। नेचर ट्रेल के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न वृक्ष प्रजातियों की पहचान कराई गई तथा पेड़ों पर लगी पहचान तख्तियों के माध्यम से उनकी उपयोगिता समझाई गई। वन विभाग द्वारा किए जा रहे जल संरक्षण, पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यों की जानकारी मॉडल के माध्यम से सरल भाषा में दी गई। जिससे पर्यावरण संरक्षण का भावनात्मक संदेश दिया गया। पेड़ की आकृति पर आधारित सेल्फी प्वाइंट बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहा। संपूर्ण आयोजन को नो प्लास्टिक एवं इको फ्रेंडली अवधारणा पर आधारित रखा गया। मंगलवार के कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक नरेश यादव ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि प्रकृति संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। दक्षिण पन्ना वनमण्डल अधिकारी, प्रशिक्षु आईएफएस अक्षत जैन, उप पुलिस अधीक्षक प्रियांशु पांडे एवं रेंजर दुर्गेश पांडेय ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर अजय चौरसिया, महेंद्र पटेल एवं सचिन राठौरिया, एडीपीओ आस्था पाठक, आईआरएस अरविंद नामदेव, चिकित्सकीय स्टाफ, पवई परिक्षेत्र का समस्त वन अमला उपस्थित रहा। अनुभूति नेचर कैंप ने बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता, जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता को सशक्त रूप से विकसित किया।






# शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर में उत्साहपूर्वक मना राष्ट्रीय पर्व; मेधावी छात्र प्रमाण-पत्रों से नवाजे गए

**देवेन्द्रनगर।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, देवेन्द्रनगर में राष्ट्रीय गौरव और युवा शक्ति का भव्य संगम देखने को मिला। यहाँ आयोजित समारोह में न केवल तिरंगे की आन-बान-शान का उत्सव मनाया गया, बल्कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए युवा प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया।



### प्रमुख अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पवन शुक्ल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। सामूहिक राष्ट्रगान के पश्चात मध्यप्रदेश गान की गूंज ने वातावरण को देशप्रेम और प्रदेश के स्वाभिमान से भर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. शालिग्राम मिश्र द्वारा किया गया।

### अतिथियों के सारगर्भित विचार

मुख्य अतिथि पवन शुक्ल का संबोधन- मुख्य अतिथि पवन शुक्ल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ष्संस्कृत और संस्कृति हमारे राष्ट्र की जड़ें हैं। आज के इस पावन अवसर पर जब हम ध्वज के नीचे खड़े हैं, तो हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी शिक्षा का उपयोग समाज के उत्थान के लिए करेंगे। युवा शक्ति ही राष्ट्र की असली पूँजी है, और आपकी अनुशासनबद्ध ऊर्जा ही भारत को विश्व गुरु बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा का अध्यक्षीय उद्बोधन

अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य डॉ. नीरज शर्मा ने छात्रों को कर्मठता का मंत्र दिया। उन्होंने कहा, श्रीमद्भगवद्गीता का श्कर्मण्येवाधिकारस्तेश का सिद्धांत आज के युवाओं के लिए सबसे बड़ा मार्गदर्शक है। परिणाम की चिंता छोड़कर निरंतर अपने कौशल और शिक्षा पर ध्यान दें। यदि आप अपने कर्म के प्रति ईमानदार हैं, तो सफलता आपका वरण स्वयं करेगी।ष उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे केवल डिग्रियाँ न लें, बल्कि स्वामी विवेकानंद की तरह चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा को अपना परम लक्ष्य बनाएं।

### सम्मान समारोह- सूर्यनमस्कार एवं मिनी मैराथन

युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा की गई। सूर्यनमस्कार सत्र और मिनी मैराथन में अदम्य साहस और शारीरिक दक्षता दिखाने वाले प्रतिभागी छात्रों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्राचार्य ने विजेता छात्रों की पीठ थपथपाते हुए उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने हेतु प्रोत्साहित किया। डॉ. रामनरेश द्विवेदी अपने संबोधन में डॉ. द्विवेदी ने बौद्धिक विकास पर जोर देते हुए कहा, ष्युवाओं को अपनी ऊर्जा का संचय कर उसे ज्ञानार्जन में लगाना चाहिए। शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक सौष्ठव भी आवश्यक है, जो हमें सूर्यनमस्कार जैसे अभ्यासों से प्राप्त होता है। ओम शर्मा उन्होंने व्यावहारिक ज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। खेलकूद और मैराथन जैसी गतिविधियाँ हमें सामूहिक रूप से लक्ष्य प्राप्ति की प्रेरणा देती हैं।

**गरिमामयी उपस्थिति** - इस अवसर पर संजय अग्रवाल, पी.एल. जमरा, राजाबाबू, रुद्रेश, सोनू सहित अनेक गणमान्य नागरिक और महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। समारोह के अंत में सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।

# पगरा हायर सेकंडरी स्कूल में सरपंच ने फहराया झंडा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन





**अमानगंज।** क्षेत्र के पगरा ग्राम में 77 वां गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पगरा में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत पगरा की सरपंच दीपा अहिरवार ने तिरंगा झंडा फहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परमलाल उपाध्याय ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में रामकेश पांडे की उपस्थिति रही।छात्रों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। छात्रों के द्वारा मोबाइल का दुरुपयोग करने के विषय में नाटक का मंचन कर तालियां बटोरी। छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए प्राचार्य के पी पाल ने अच्छा परीक्षा परिणाम देने की बात कही। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ ही कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन शिव प्रसाद लोधी के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से कंछेदी लाल विदुआ, रविशंकर पाठक पूर्व प्रधानाध्यापक छवि किशोर पाठक रतन सिंह ठाकुर, बृज किशोर पाठक, सुरेंद्र पांडे उपसरपंच, केशव प्रसाद पाल प्राचार्य भरत राजा जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं राहुल चौरसिया, श्रीमती मोहनी सक्सेना, अनिल कुमार द्विवेदी सहित समूचा विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

# देवेंद्रनगर में नशे का साम्राज्य, वर्दी की खामोशी में फल-फूल रहा अवैध शराब माफिया

**देवेंद्रनगर की सड़कों से अवैध शराब गांव में भेजी जा रही जिसका वीडियो हो रहा सोशल मीडिया में वायरल**

**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर अब सिर्फ एक कस्बा नहीं रहा, बल्कि यह प्रशासनिक नाकामी, पुलिस की निष्क्रियता और आबकारी विभाग की संदिग्ध चुप्पी का जीता-जागता स्मारक बन चुका है। यहां अवैध शराब कोई छिपा हुआ अपराध नहीं, बल्कि गांव-गांव फैला संगठित माफिया नेटवर्क बन चुकी है ऐसा ही मामला देवेंद्र नगर की सड़कों में देखने को मिला जहां एक बाइक पर गांव की ओर अवैध शराब लेते जा रहा है इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है और हैरानी की बात यह कि यह सब कानून के रखवालों की खुली आंखों के सामने हो रहा है।कानून सिर्फ कागजों में, जमीन पर माफिया का राज देवेंद्र नगर से प्रतिदिन अवैध शराब की खेप आसपास के गांवों तक पहुंचाई जा रही है।

गाडियां तय हैं, नंबर तय हैं, रास्ते तय हैं, ठिकाने तय हैं फिर भी न चेकिंग, न छापा, न गिरफ्तारी। यह सवाल अब आम नहीं, बल्कि गंभीर आरोप बन चुका है क्या यह सब बिना "ऊपर के आदेश" के संभव है? युवाओं को जहर, माफियाओं को खुली छूट नशे का यह धंधा सीधे-सीधे युवाओं को बर्बादी की ओर धकेल रहा है। 15-16 साल के किशोर शराब के आदी बनाए जा रहे हैं। रोजगार नहीं, शिक्षा नहीं बस शराब, हिंसा और अपराध! और इसके लिए जिम्मेदार कौन? वह अफसरशाही जो वर्दी पहनकर खामोशी ओढ़े बैठी है। राजस्व की लूट, संविधान की हत्या एक ओर सरकार नशामुक्ति के बड़े-बड़े दावे करती है, दूसरी ओर देवेंद्र नगर में हर दिन सरकारी राजस्व की खुलेआम लूट हो रही है। यह केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि कानून, संविधान और शासन व्यवस्था की खुली हत्या है।फिर भी सवाल वही इन माफियाओं को बचा कौन रहा है?उजड़ते परिवार, चुप बैठे जिम्मेदार नशे की कीमत गांव की महिलाएं और बच्चे चुका रहे हैं। घर-घर में मारपीट, डर, भूख और अशांति फैल चुकी है। पर जिनके कंधों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी थी वे फाइलों में कार्रवाई दिखाकर अपराध को पाल रहे हैं।



**देवेंद्रनगर पूछ रहा है- जवाब दो।**

पुलिस और आबकारी विभाग आखिर किसके इशारे पर चुप है? क्या अवैध शराब माफिया कानून से ऊपर हो चुका है।


## खबर संक्षेप



### नौगांव में अचानक बड़ी ठंड, एक रात में 6 डिग्री की गिरावट

**नौगांव।** मंगलवार की रात नौगांव क्षेत्र में हुई हल्की फुल्की बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह पलट दिया जिन लोगों ने यह समझ लिया था कि अब जनवरी में ही ठंड जाने लगी है। लेकिन उनका यह अनुमान गलत साबित हो गया। दरअसल बुधवार को ठंड ने वापिसी की है। जहां सोमवार को नौगांव शहर का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के करीब बताया गया था वहीं महज एक रात में पारा गिरकर 4.2 डिग्री पर आ गया मतलब रातों रात करीब 6 डिग्री की गिरावट के साथ लोग स्वेटर, जैकेट, शाल, मफलर ओढ़े देखे गए। अचानक बदले गए इस मौसम से जहां लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं मौसम विभाग की माने तो सुबह शाम ठंडी हवाओं के साथ गलन बढ़ जाएगी। और एक बार फिर लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों के साथ अलाव की ओर लौटना पड़ेगा।

### बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को निखारने का लिया संकल्प



**छतरपुर।** आगामी 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी भारत द्वारा किए जाने के मद्देनजर बुंदेलखंड क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। क्रीडा भारती महाकौशल प्रांत छतरपुर ने शहर के खेलप्रेमी एवं बुंदेलखंड मोटर ट्रांसपोर्ट के संचालक हर्षवर्धन अग्रवाल को जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। यह निर्णय 26 जनवरी 2026 को बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी संगठन मंत्री कौशलेंद्र पटेल की मौजूदगी में क्रीडा भारती प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख एवं जिला छतरपुर विभाग संयोजक डॉ. अरविंद महलोनिया ने हर्षवर्धन अनुपम अग्रवाल को यह जिम्मेदारी सौंपी। बैठक के दौरान कौशलेंद्र पटेल ने कोच नकुल कुशवाहा द्वारा संचालित हॉकी क्रीड़ा केंद्र का उद्घाटन किया। उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ताओं में सुरेश निगम, धीरज चौबे (कोषाध्यक्ष), पुष्पेंद्र अरजरिया, राजेंद्र रजक, अभिनय दुबे, प्रकाश चौरसिया, सौरभ कुशवाहा, डॉ. सौरभ मिश्रा, प्रद्युम्न सिंह यादव, नकुल कुशवाहा, भारती राजपूत (मातृ शक्ति प्रमुख) सहित अन्य सदस्यगण शामिल रहे। क्रीडा भारती जिला छतरपुर द्वारा बुंदेलखंड की खेल प्रतिभाओं को निखारने हेतु विभिन्न स्थानों पर क्रीड़ा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इनमें ग्राम बसारी में कोच देवेंद्र राठौर द्वारा कबड्डी एवं खो-खो केंद्र, नंबर वन स्कूल में कोच मानसिंह द्वारा बेसबॉल एवं सॉफ्टबॉल प्रशिक्षण, नारायणपुर ग्राम में कोच सुरेश निगम द्वारा मलखंब प्रशिक्षण, स्टेडियम में सौरभ कुशवाहा द्वारा योग एवं मलखंब, स्टेडियम में प्रकाश चौरसिया द्वारा फुटबॉल, बिजावर में रज्जन पांडे द्वारा वॉलीबॉल, लवकुश नगर में अनिल शुक्ला द्वारा क्रिकेट, नौगांव में भोले रजक द्वारा बास्केटबॉल, बक्सवाहा में देवी सिंह राजपूत द्वारा कबड्डी एवं फुटबॉल शामिल है। इन केंद्रों से प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभावान खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। हर्षवर्धन अनुपम अग्रवाल को अध्यक्ष पद सौंपे जाने पर डॉ. अरविंद महलोनिया, जिले के समस्त स्वयंसेवक, कार्यकर्ता, व्यवसायी बंधु एवं खेलप्रेमियों ने शुभकामनाएं दी हैं।



### दो चोर गिरफ्तार, 4 लाख के सोने-चांदी के आभूषण बरामद

**छतरपुर।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने एसबीएन कॉलेज के पीछे स्थित चौबे कॉलोनी में हुई चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो अंतराज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से लगभग 4 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार अप्रैल 2025 में फरियादी महेंद्र अरजरिया के मकान से चोरी की घटना हुई थी, जिस पर भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का मामला दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल पर भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए। क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की मूवमेंट की जानकारी जुटाई गई, जिसके आधार पर दो आरोपियों को धर दबोचा गया।

# पेप्टेक सिटी में चोरों का धावा एक ही रात में 2 घरों से लाखों की चोरी, कॉलोनी के लोग दहशत में

### 3-4 मकानो के टूटे ताले, कवर्ड कॉलोनियों की सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल, मेंटेनेंस के नाम पर लाखों की वसूली, गंदगी के लगे अंबार

छतरपुर।

एक ओर थाना सिविल लाइन पुलिस ने जहां 10 माह पुरानी चोरी का खुलासा किया और 2 अंतरराज्यीय चोर पकड़े। वहीं गणतंत्र दिवस की दरमियानी रात थाना सिविल लाइन के अंतर्गत ही देरी रोड स्थित पेप्टेक सिटी में चोरों ने धावा बोल दिया और एक ही रात में 2 घरों से लाखों की चोरी की तथा 3-4 मकानों के ताले चटकाए, चोरी की घटना को लेकर कॉलोनी के लोग दहशत में हैं। 5-6 मकानों में टॉर्च की रोशनी लगाकर निगरानी की गई। एक ही रात में हुई चोरी की वारदात से इस कवर्ड कालोनी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं पुलिस की रात गश्त की भी पोल खुलने लगी है। जिन दो मकानों में चोरी हुई है उनमें एक सक्सेना परिवार और एक गुप्ता परिवार शामिल होना बताया गया है। यह दोनों परिवार के लोग बाहर गये हुए थे और जब बाहर से लौटे तो उन्हें चोरी की घटना का पता चला। जिन 3-4 घरों के ताले टूटे हैं उनके परिवार भी बाहर गए हुए हैं। चोरों ने घटना को अंजाम देते समय एक बात का विशेष ध्यान रखा कि उन्होंने मुख्य दरबाजे का ताला नहीं तोड़ा और दीवाले फांदकर किसी तरह अंदर घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी की घटना रात 2 बजे से 4 बजे के बीच होना बताया गया है। पेप्टेक सिटी के बाहर जो प्राइवेट कैमरे लगे हैं उन कैमरों में 5 चोर फुटेज में देखे गये हैं।




#### सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल

प्रत्येक कवर्ड कालोनी में सुरक्षा गार्डों की ड्यूटी रहती है पेप्टेक सिटी में भी सुरक्षा गार्ड ड्यूटी करते हैं और इस कालोनी में 300 के आस पास मकान हैं। जिसमें लगभग 70 प्रतिशत डबल स्टोरी और 20 प्रतिशत मकान 3 मंजिला बने हुए हैं। प्रत्येक गृह स्वामी से मेंटीनेंस के नाम पर हर माह पैसे लिये जाते हैं फिर भी सुरक्षा व्यवस्था जीरो है। जिससे कालोनी वासियों में रोष है। इस कालोनी में समिति भी बनी हुई है। लेकिन कालोनी वासियों ने समिति अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों पर उदासीनता के आरोप लगाए हैं। यह भी पता चला है कि कालोनी के पिछले हिस्से में जो बाउण्ड्री बनी है वह बहुत ही नीची है और उस पर किसी प्रकार की



जाली या कांच सुरक्षा की दृष्टि नहीं लगाए गये हैं दीवाल के पीछे पत्थरों का ढेर लगा हुआ है जिन पत्थरों से चढ़कर बच्चे कालोनी के अंदर प्रवेश आसानी से कर सकते है।

#### स्थानीय लोगों ने लगाया आरोप कि पुलिस की भी नही लगती रात्रि गश्त -

चोरियां बढने का मुख्य कारण यह है कि पुलिस की गश्त नहीं लगती है जबकि पुलिस अधीक्षक के निर्देश है कि रात की गश्त तेज रखी जाए लेकिन उसके बाद भी गश्त नहीं की जा रही है। जिस दिन से चोरी की वारदात हुई है उस दिन से पुलिसकर्मी पेप्टेक सिटी के गेट पर पहुंचकर गार्ड के साथ में फोटो खिचवाकर गश्त की खानापूर्ति कर देते हैं।



#### इनका कहना है -

किरण सक्सेना और अशोक गुप्ता के यहां चोरी की वारदात हुई है एफआईआर दर्ज कर ली गई है और चारों तरफ के कैमरों से फुटेज तलाशकर चोरों का सुराग लगाया जा रहा है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जायेगा। गश्त लगातार करने के निर्देश है। यदि गश्त में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

**सतीश सिंह**
**टीआई, सिविल लाइन**

## जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर ने दिखाई मानवता

# गरीब बच्ची का निःशुल्क ऑपरेशन किया



छतरपुर।

ग्राम थरा की 9 वर्षीय मासूम मोहनी अहिरवार के जीवन में एक अनोखी इंसानियत की मिसाल देखने को मिली है। खेलते समय ईंट गिरने से मोहनी का पैर टूट गया था। घायल बच्ची को पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर रवि सोनी ने उसे देखा और उच्च इलाज के लिए रेफर कर दिया। लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होने के कारण वे बाहर के अस्पताल नहीं ले जा सके। मोहनी के पिता छबिलाल अहिरवार जो महोबा रोड स्थित गुरुद्वारा में झाड़ू-पोछा का काम करते हैं, ने बताया कि बेटी के इलाज के लिए उनके पास इतने पैसे नहीं थे। ऐसे में डॉक्टर रवि सोनी ने मानवता दिखाते हुए जिला अस्पताल में ही बच्ची का ऑपरेशन कराया। न केवल ऑपरेशन निःशुल्क किया गया, बल्कि दवाइयों का खर्च भी डॉक्टर खुद वहन कर रहे हैं। छबिलाल अहिरवार ने आभार जताते हुए कहा, डॉक्टर रवि सोनी ने हमारी बेटी को नया जीवन दिया है। डॉ. रवि सोनी जिला अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ के रूप में पदस्थ हैं और पहले भी कई गरीब मरीजों, खासकर बच्चों के इलाज में निःशुल्क सहायता प्रदान कर चुके हैं। वे जन्मजात विकृतियों वाले सैकड़ों बच्चों का सफल ऑपरेशन कर उन्हें विकलांग होने से बचा चुके हैं।

## हरियाली बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्या. लखनगुवां ने मूंगफली का बीज किसानों में बांटने की वजह मंडी में बेच दिया, उपसंचालक कृषि द्वारा 60% कमीशन लिए जाने के आरोप लग रहे, जो कि जांच का विषय

छतरपुर

उपसंचालक कृषि छतरपुर लगातार प्रभारियों के भरोसे चल रहा। फिलहाल उपसंचालक कृषि का पद क्षमताओं के विपरीत बताया जा रहा है। शासन की नीति के विपरीत कृषि विभाग में ज्यादातर योजनाएं कागजों में चल रही हैं, कृषि विभाग शासन की नीतियों को पलीता लगा रहा है। किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ तक नहीं मिल रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत जिले के सभी विकास खण्डो के गांव में किसानों के प्रशिक्षण होने थे, लेकिन यह किसानों के प्रशिक्षण 80 प्रतिशत में कागजों में हुए है। जो यह किसानों के प्रशिक्षण संबंधित ब्लॉकों में एसडीओ को करना थी वह प्रशिक्षण जिले के दो संविदा कर्मचारियों ने कागजों में कर डाले, संचालक कृषि भोपाल द्वारा गठित टीम अगर जांच सही से करें तो 80% कागजों में पाए जाएंगे। कृषि विभाग का यह




सिलसिला सालों से चला रहा है, जिसमें कहीं ना कहीं कृषि विभाग के संविदा कर्मचारियों के अलावा उपसंचालक कृषि भी दोषी हैं, उनके खिलाफ भी जांच कराकर विभाग को कार्यवाही प्रस्तावित करना चाहिए, तभी इस फर्जीवाड़ा में विराम लग पाएगा। हरियाली बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित लखनगुवां ने किसानों के नाम का मूंगफली बीज मंडी में बेंच डाला, गिने चुने 15-20 किसानों को थोडी बहुत मूंगफली मिली है, के आरोप लग रहे। जो की जांच का विषय है और किसानों से सूची के अनुसार पूछा जाए तो 90% फर्जी वाला सामने आ जाएगा, जिसमें लाखों का भ्रष्टाचार हुआ है। जिसमें उपसंचालक कृषि ने 60% का कमीशन लिए जाने के आरोप लग रहे हैं, जो की जांच का विषय है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन में दो संविदा कर्मचारियों द्वारा कार्यों में किसानों के नाम के प्रशिक्षण किए जाने को लेकर जब संचालक कृषि भोपाल को जानकारी लगी तो उन्होंने प्रदेश स्तर की 4 सदस्यीय टीम जांच के लिए गठित की। लेकिन उपसंचालक कृषि द्वारा अभी तक इस मामले में कोई कार्यवाही शुरू नहीं की गई है और न ही जांच के लिए कोई टीम गठित की गई। यह प्रशिक्षण वरिष्ठ कृ षि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से कराया जाना था लेकिन एसएडीओ को इन प्रशिक्षणों के बारे में कोई जानकारी तक नहीं है। अब देखना यह है कि प्रदेश स्तर की टीम जांच के बाद क्या कार्यवाही करती है।

# गणतंत्र दिवस पर हुए रंगारंग कार्यक्रम



छतरपुर।

राजनगर स्थित संजय गांधी हायर सेकेंडरी स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संविधान की महिमा और उसके मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यालय की स्थापना वर्ष 1984 में हुई थी। तब से प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के पश्चात लघु नाटिकाओं एवं देशभक्ति गीतों के माध्यम से संविधान और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया जाता रहा है। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष एडवोकेट अनिल कुमार पटेरिया ने ध्वजारोहण के पश्चात विद्यार्थियों को संविधान निर्माण की प्रक्रिया से लेकर अब तक हुए संशोधनों की जानकारी दी और संविधान को जीवंत दस्तावेज बताते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था सचिव अलौकिक खरे ने अपने संबोधन में संविधान की व्यापकता, लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा नागरिकों को प्रदत्त मौलिक अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती आराधना खरे ने अपने उद्बोधन में संविधान में वर्णित नागरिक कर्तव्यों को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्रहित में सदैव सजग, सक्रिय और उत्तरदायी नागरिक बनने की अपील की।

# डॉ. श्वेता गर्ग की पहल पर एनीमिया और कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन

छतरपुर।

**डॉ. श्वेता गर्ग के मार्गदर्शन में बजरंगगढ़ में हाल ही में एनीमिया और कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 250 ग्रामीण नागरिकों ने भाग लिया। इस शिविर का उद्देश्य था हर व्यक्ति को स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करना और समय रहते गंभीर बीमारियों की पहचान कर उनके जीवन को बचाना।**



शिविर में महिलाओं, पुरुषों और बुजुर्गों की हीमोग्लोबिन जांच और कैंसर स्क्रीनिंग की गई। एनीमिया से प्रभावित लोगों को व्यक्तिगत परामर्श और पोषण संबंधी सुझाव दिए गए। अनेक लोगों ने पहली बार अपनी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी पाई, जिससे उनकी आंखों में उम्मीद और राहत की झलक दिखाई दी।

डॉ. श्वेता गर्ग ने कहा, स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। समय पर जांच और सही जानकारी जीवन बचा सकती है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को संतुलित आहार, नियमित जांच और नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उन्होंने यह भी बताया कि जनवरी माह 'सर्वाइकल कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है, और महिलाओं से अपील की कि वे अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, नियमित जांच कराएँ और आवश्यक टीकाकरण लें। शिविर में उपस्थित लोगों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से उन्हें अपने स्वास्थ्य की अहमियत समझ में आई और जीवन को बेहतर बनाने की उम्मीद मिली। डॉ. श्वेता गर्ग ने सभी सहयोगियों और ग्रामीण नागरिकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि भविष्य में भी इस तरह के शिविर निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि हर व्यक्ति स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सके।

# 10वीं और 12वीं के प्रश्न पत्र जिपं सीईओ एवं बोर्ड के प्रतिनिधि की उपस्थित में स्ट्रॉंग रूम में रखवाए गए

### जीपीएस सिस्टम से लैश ट्रक में पहुंचे सुरक्षित प्रश्न पत्र

छतरपुर।

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हाई स्कूल एवं हायरसेकेंड्री स्कूल की परीक्षा के प्रश्न पत्र कड़ी सुरक्षा में छतरपुर पहुंचे। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 छतरपुर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में प्रश्न पत्रों को जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, बोर्ड के प्रतिनिधि एवं



डीईओ शिक्षा विभाग की उपस्थित एवं निगरानी में रखवाए गए। स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी एवं 24 घंटे सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की गई है। जिला पंचायत सीईओ ने पहले जिस ट्रक में प्रश्न पत्र पहुंचे उसके सभी लॉक, इलेक्ट्रॉनिक लॉक एवं जीपीएस सिस्टम चेक किए। तदोपरांत अलग अलग विषयों के प्रश्न पत्र के 796 बॉक्स को स्ट्रांग रूम में रखवाए गए है। इसके बाद 6 एवं 7 फरवरी को प्रश्न पत्रों को सेंटरवार संबंधित थानों में रखवाया जाएगा। जहां से प्रश्न पत्रों को केंद्र अध्यक्षों एवं कलेक्टर द्वारा नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्कूल ले जाया जाएगा और कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति में ही परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए प्रश्न पत्रों को खोला जाएगा। एमपी बोर्ड द्वारा कलेक्टर प्रतिनिधियों को ही परीक्षा केंद्र पर मोबाइल ले जाने की अनुमति दी गई है। जिससे जरूरी पासवर्ड, बच्चों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति की जानकारी त्वरित भेजी जा सके। जिला पंचायत सीईओ ने कहा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से परीक्षाएं सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तत्पर है।

# हत्या के प्रयास में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

छतरपुर।

विगत दिवस थाना गुलगंज क्षेत्र अंतर्गत ढाबा पर फरियादी शेख दानिश पर जान से मारने की नियत से कट्टे से फायर संबंधी रिपोर्ट पर थाना गुलगंज में भारतीय नया संहिता की हत्या के प्रयास सहित समुचित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल पर निरीक्षण किया गया, भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर तंत्र की सक्रियता से आरोपीगणों की पहचान कर घटना घटित करने वाले आरोपी रविन्द्र सिंह बुन्देला पिता छत्रपाल सिंह बुन्देला निवासी वार्ड क्र- 5 सोनी मोहल्ला बडामलहरा एवं शिवा सिंह ठाकुर पिता रविन्द्र सिंह ठाकुर निवासी ग्राम ऊमरी थाना टेहरका जिला निवाडी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त



देशी कट्टा कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर साइकिल बरामद की गई। आरोपी रविन्द्र सिंह बुन्देला पूर्व से मारपीट, अवैध वसूली, छेड़छाड़, अवैध हथियार जैसे 10 से अधिक अपराध में लिप्त है। आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है। विवेचना जारी है।

## नए मास्टर प्लान का अभाव: आमोद-प्रमोद के स्थलों को भी निगल गया शहरीकरण

# कैचमेंट एरिया ग्रीनबेल्ट पर अंधाधुंध निर्माण से बिगड़ी शहर की तस्वीर

### नगर विकास विधि का खुला उल्लंघन, नही होती कार्रवाई सड़क, नाली, पानी, बिजली और पार्क आदि के लिए नाम मात्र जमीन नहीं



**रीवा।** शहर में विकास भले ही तेजी से हो रहा है लेकिन जिस तरह से कैचमेंट एरिया ग्रीनबेल्ट पर अबैध तरीके से निर्माण कर लिया गया और जिम्मेदारों ने कोई कार्यवही नहीं की ऐसे में शहर की सूरत ही बिगड़ती जा रही है। जिन स्थलों को नए मास्टर प्लान में शहरवासियों के आमोद-प्रमोद स्थल बनाने की योजना थी, उन स्थलों को शहरीकरण निगल गया। प्लान के अभाव एवं प्रशासनिक उदासीनता के चलते कालोनाइजर्स और माफिया लखौरी बाग से सैकड़ों पेड़ कटवा डाले और उस जमीन के सैकड़ों टुकड़े कर बेंच दिया। यही नहीं शहर के बड़े नालों का कैचमेंट एरिया ग्रीनबेल्ट और नदियों के तटबंधों पर अधाधुंध निर्माण कर लोगों ने शहर की तस्वीर बिगाड़ डाली। शहर का पिछले दो दशक में व्यापक विस्तार हुआ, लेकिन अनियोजित विकास से शहरवासियों की मूलभूत जरूरतें नहीं दिखती। इस अवधि में शहर में कई अवैध कालोनियां बस गई, जिनमें सड़क, नाली, पानी, बिजली और पार्क आदि के लिए नाम मात्र जमीन नहीं है। ऐसी ही कालोनियां निगम प्रशासन के लिए सिरदर्द बन गई हैं।

#### नहीं दिया तवज्जो

नगर निगम प्रशासन और जिला प्रशासन की नाक के नीचे हुए अवैध निर्माण और कालोनियों को लेकर दर्जनों शिकायतें की गई। इनमें कुछ मामलों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता बीके माला आयुक्त रीवा संभाग और एनजीटी में की है। बताया जाता है कि बिछिया और बीहर नदी के ग्रीनबेल्ट क्षेत्र और वाटर कैचमेंट एरिया में कालोनियां बनाए जाने को लेकर खुशलानी ब्रदर्स और शांति इन्फ्रा के विरुद्ध शिकायत आई थी, जिस पर पहले एसडीएम हुजूर ने प्रारंभिक कार्रवाई की, लेकिन बाद में राजनीतिक दबाव के चलते प्रशासन ने कदम पीछे खींच लिया।

#### नदियों का ग्रीन बेल्ट 50 मीटर का है

शहर की दोनों प्रमुख नदियों बीहर और बिछिया के किनारे अतिक्रमण तेजी से बढ़ा है। जबकि इनका ग्रीन बेल्ट 50 मीटर दोनों ओर निर्धारित किया गया है। इस क्षेत्र में किसी भी तरह का निर्माण नहीं होने देने संबंधी आदेश जारी होते रहे हैं। शहर की दोनों नदियों के किनारे का पूरा हिस्सा अतिक्रमण की चपेट में आ गया है। वहीं नालों का ग्रीन बेल्ट नौ मीटर से अधिक चौड़ा है। अमहिया, झिरिया, समान आदि क्षेत्रों में ग्रीन बेल्ट की चौड़ाई गई जगह इससे अधिक है। हर जगह अतिक्रमण हो गया है। मास्टर प्लान में भी हर बार सुझाव दिए जाते हैं कि ग्रीन बेल्ट में पौधरोपण किए जाएं, किसी भी तरह का निर्माण प्रतिबंधित रहेगा लेकिन इसका पालन रीवा शहर में नहीं हो पा रहा है।

#### बीहर नदी के किनारों को पाटकर प्लाटिंग

ग्राम्य एवं नगर निवेश के प्रावधानों और रेरा से इतर शहर में बड़े पैमाने पर नगर विकास विधि के विपरीत कालोनियों का मकडजाल बनते जा रहा है। दरअसल ज कालोनी विकास के लिए प्रस्तावित भूमि का भूखंडीय अभिन्यास में न्यूनतम 54 और अधिकतम 60 प्रतिशत आवासीय प्लाट के रूप में निर्धारित है, शेष भू-भाग में सड़क, नाली पार्क एवं सर्विस एरिया के अलावा अल्प आय वर्ग और अन्य गतिविधियों के लिए सुरक्षित होनी चाहिए, लेकिन रीवा के कालोनाइजर्स सुरक्षित रखने वाली जमीनों को भी प्लाट बना कर बेंच दिए।

## खबर संक्षेप

### 15 दिवसीय सृजन कार्यक्रम का समापन

**रीवा।** मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय की सामुदायिक पुलिसिंग की अभिनव पहल सृजन कार्यक्रम के तहत अमहिया थाना परिसर में आयोजित 15 दिवसीय कराटे आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं बाल अधिकारों पर आधारित क्षमता वर्धन शिविर का भव्य समापन हुआ। शिविर का उद्देश्य किशोर एवं किशोरियों में आत्मविश्वास, अनुशासन तथा आत्मरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना रहा। सृजन कार्यक्रम पूरे प्रदेश में डीआईजी कम्युनिटी पुलिसिंग विनीत कपूर के मार्गदर्शन में जिला पुलिस अधीक्षक रीवा एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से संचालित किया गया। रीवा जिले में इसका सफल संचालन पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के समन्वय में डीएसपी उदित मिश्र (नोडल अधिकारी), अजाक थाना प्रभारी निशा मिश्रा, सूबेदार दिलीप तिवारी, सूबेदार गीता तथा अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।15 दिवसीय सृजन कार्यक्रम में ग्राम सुधार समिति के डॉ. जे. आर नारायण ने संवाद परिचर्चा मे सक्रिय भागीदारी की। सामाजिक संस्था अहिंसा वेलफेयर सोसायटी ने सक्रिय सहभागिता निभाई। संस्था की ओर से सुमित सिंह, चक्रपाणि मिश्र एवं आयुष अवस्थी ने समन्वय व सहयोग प्रदान किया। बच्चों को कराटे एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षक तोशराम कनौजे द्वारा दिया गया, जिन्होंने व्यावहारिक तकनीकों का अभ्यास कराया।

### लापरवाह ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**रीवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने गंगेव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मदरी के सचिव (पंचायत कर्मी) अनीश कमल गौतम को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन में रूचि न लेने, पेंशन योजना के हितग्राहियों की ईकेवायसी में लापरवाही बरतने पर यह कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में श्री गौतम का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय गंगेव रहेगा। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के तहत की गई है।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम के निधन पर व्यक्त किया शोक



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के असामयिक निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुंबई से बारामती जा रहे चार्टर विमान की क्रैश लैंडिंग की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में 5 लोगों के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है। इस विमान में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार भी सवार थे। यह हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने ह्मदयविदारक घटना में दिवंगत सभी यात्रियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है और शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएँ व्यक्त की हैं।

# बैंक में बंद रहे ताले, एटीएम मशीनें भी हुई खाली, लोग परेशान




### 5 दिन की वर्किंग को लेकर लगातार चौथे दिन बैंकों के कर्मचारी रहे हड़ताल पर

**रीवा। सप्ताह में 5 दिन काम की मांग को लेकर मंगलवार को बैंकों में हड़ताल रही। राष्ट्रव्यापी हड़ताल का रीवा में भी व्यापक असर दिखा। लगातार चौथे दिन बैंकों के ताले बंद होने से बैंकिंग सेवाओं पर व्यापक असर दिखा। ज्यादातर एटीएम खाली हो गए। ऐसे में लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा। जिले में 200 से ज्यादा बैंक शाखाओं में कामकाज बंद होने से करोड़ों का लेन-देन प्रभावित हुआ। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन (यूएफबीयू) के बैनर तले यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय सिरमौर चौराहा के सामने विभिन्न बैंकों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एकत्रित हुए और शहर में रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया, जिसमें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक एवं जिले के अन्य भी शामिल रहे।**

#### दो साल से कर रहे इंतजार

बैंक कर्मियों ने कहा कि वर्तमान में बैंक कर्मचारियों को केवल दूसरे और चौथे शनिवार को ही अवकाश मिलता है। यूनियन का तर्क है कि जब भारतीय रिजर्व बैंक और स्टॉक एक्सचेंज जैसे वित्तीय संस्थान 5 दिवसीय कार्य सप्ताह पर चल रहे हैं, तो बैंक कर्मचारियों के साथ यह भेदभाव अनुचित है। कर्मचारी संघों ने स्पष्ट किया है कि वे काम के घंटे कम नहीं करना चाहते। इसके बदले में वे सोमवार से शुरू वार तक प्रतिदिन 40 मिनट अतिरिक्त कार्य करने को तैयार है। विडंबना यह है कि मार्च 2024 में भारतीय बैंक संघ के साथ हुए समझौते में इस पर सहमति बनी थी, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी केंद्र सरकार की मंजूरी न मिलने से कर्मचारियों में गहरा रोष है। बैंकों के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा उपस्थिति दर्ज कराई गई। यह प्रदर्शन पिछले दो वर्ष से पांच दिवसीय बैंकिंग को लेकर सरकार द्वारा लंबित रखे गए फैसले के कारण किया गया।

#### चेक क्लीयरेंस रुकने से लेन-देन अटका

चौथा शनिवार के बाद रविवार का अवकाश रहा। सोमवार को गणतंत्र दिवस की छुट्टी रही। मंगलवार को हड़ताल हो गई। ऐसे में चार दिन लगातार बैंक बंद रहे। नकद निकासी न होने से बाजार में मंदी का माहौल रहा और लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भटकना पड़ा। चेक क्लीयरेंस रुकने से करोड़ों रुपये का लेन-देन अटक गया है। सबसे गंभीर स्थिति एटीएम की है। पिछले चार दिनों से कैश फीडिंग होने के कारण शहर के अधिकांश एटीएम आउट ऑफ यूनियन बैंक ऑफिसर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष हेमंत मिश्रा, क्षेत्रीय सचिव अश्विनी कुमार, कोषाध्यक्ष पंकज वर्मा, सहायक क्षेत्रीय सचिव परमानंद राय, पंकज सिंह बघेल, स्टेट बैंक अधिकारी संघ क्षेत्रीय सचिव कामरेड अटल मिश्रा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कर्मचारी संघ क्षेत्रीय सचिव कामरेड अशोक कुमार द्विवेदी, संगठन सचिव कामरेड अमित कुमार गौतम, दीपक पाठक, देवराज पटेल, उदयभान पटेल, शालिनी अग्रवाल, अमरीश पयासी, आशीष मिश्रा, रेनू जयशवाल, साजिद रजा, मौशमी त्रिपाठी, जूही कुमारी, सारांश जैन, आयुष जैन, संतोष पटेल, श्रेया पटेल आदि मौजूद रहे।

# फल, सब्जी, मसाला तथा फूलों की खेती के क्षेत्र विस्तार पर विशेष ध्यान दें - कलेक्टर

### कलेक्टर ने प्राकृतिक खेती और उद्यानिकी के प्रयासों की समीक्षा

**रीवा ।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कृषि और उससे जुड़े विभागों की शासन की प्राथमिकताओं पर विशेष ध्यान दें। विभागीय योजनाओं के लक्ष्य एक माह में शत-प्रतिशत पूरा कराएं। किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास करें। उप संचालक कृषि प्रेशराइज्ड पाइप से सिंचाई के लिए सिंचाई परियोजनाओं के कमांड क्षेत्र के किसानों का पंजीयन कराएं। पंजीयन की कार्यवाही 10 दिनों में पूरा करें। खेती के समन्वित विकास के लिए 8 क्लस्टर बनाए गए हैं। इनमें उद्यानिकी, पशुपालक और मछलीपालक किसानों को भी शामिल करें। प्राकृतिक खेती के लिए बनाए गए क्लस्टर में गौशालाओं की मैपिंग कराएं। सहकारी समितियों और डबल लॉक सेंटर से ई टोकन के माध्यम से ही खाद का वितरण कराएं।कलेक्टर ने कहा कि कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा दें। जिले में बड़ी संख्या में किसान सब्जी और फलों की खेती कर रहे हैं। फल, सब्जी, मसाला तथा फूलों की खेती के क्षेत्र विस्तार एवं उद्यानिकी किसानों को ड्रिप तथा स्प्रिंकलर सिंचाई सुविधा देने पर विशेष ध्यान दें। इसका लक्ष्य 15 दिवस में पूरा कराएं। खाद्य प्रसंस्करण में 60 इकाईयों के प्रकरण स्वीकृत हुए हैं तथा 40 इकाईयां स्थापित हुई हैं। अग्रणी बैंक प्रबंधक से समन्वय बनाकर लंबित 70 प्रकरणों को स्वीकृत कराएं। उप संचालक पशुपालन पशुओं के टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान योजना पर विशेष ध्यान दें। इनके लक्ष्यों की उपलब्धि सात दिवस में पोर्टल में दर्ज कराएं। कामधेनु योजना में लंबित 27 प्रकरणों को स्वीकृति दिलाकर डेयरी की स्थापना कराएं। कलेक्टर ने उप संचालक मछलीपालन को मनरेगा योजना के सभी तालाबों तथा अमृत सरोवर के तालाबों में मछलीपालन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विभागीय लक्ष्यों में लापरवाही बरतने पर उद्यानिकी विभाग के जवा और रीवा के उद्यानिकी क्षेत्र विस्तार अधिकारी तथा कृषि विभाग के लापरवाह वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारियों को नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उप संचालक कृषि को प्रेशराइज्ड पाइप सिंचाई के लिए पंजीकृत किसानों की प्रतिदिन जानकारी देने के निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक कृषि यूपी बागरी, उप संचालक मछलीपालन डॉ अंजना सिंह, उप संचालक पशुपालन डॉ व्हीबी सिंह, सहायक संचालक उद्यानिकी बीएस सेंगर तथा खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# रीठी ग्राम पंचायत में गणतंत्रता दिवस पर कवियों देश भक्ति की कविता पाठ से लोगों में भरा जोश

**रीवा।** ग्राम पंचायत रीठी में कवि सम्मेलन व गणतंत्र दिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर कल्पना पटेल जिला मंत्री भाजपा रीवा बिशिष्ट अतिथि बिशमभर नाथ पटेल वरिष्ठ भाजपा नेता एवं किसान मोर्चा महामंत्री, अध्यक्षता पंचायत रीठी के सरपंच राम सेवक पटेल (मुखिया) एवं मंच संचालन बिनोद भट्ट शैलेन्द्र देव वरिष्ठ समाज सेवी रामलाल चतुर्वेदी सचिव रीठी अमर सिंह पटेल रोजगार सहायक उप सरपंच नीतू तिवारी रही । गणत्रंत दिवस अवसर पर ग्राम पंचायत मे झन्डां रोहण कर राष्ट्र गान किया गया तत्पशचात भारत माता के जैयकारो के साथ देश के बीर शाहीदो को नमन कर उनके चरणों मे अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किऐ 1 इस कार्यक्रम मे इस बार कवियों ने विशेष प्रस्तुतिया कविता पाठ द्वारा लोगों मे देश भावना से लोगों को सुनने को मिली सम्मेलन मेजाने माने रहस्य कबि राम लखन सिंह महगना भौम्या चौरसिया एवं नीरज निरमोही जैसे कवियों ने देश भक्ति की कविताऐ लोगों को सुनाये तो वही लोकगीत कलाकारों मे ललिता पाण्डेय,सुलेखा पटेल के द्वारा बहुत ही अच्छी देश भक्ती लोकगीत के माध्यम से लोगों में देश प्रेम की भावना पैदा करने का काम किया तो वही मौजूद बच्चो के द्वारा मनमोहन प्रस्तुति दी गई गाव एवं आस पास के लोगो ने भी धैरपूर्वकआनंदित रहे एवं तालियो की गडगडाहट से गूंज उठा रंगा रंग कार्यक्रम के बाद बिश्वम्भर नाथ पटेल के ओजश्वी भाषण को सुन लोगो ने खूब तालिया बजवाई ईसके बाद मुख्य अतिथि कल्पना पटेल केद्वारा तिरंगे को नमन कर 77वां गणतत्रंत दिवस की देश वसियों सहित समस्त ग्राम वासियों को शुभ कामनाएं दी एवं देश के खातिर शाहिद हुऐ वीर जवानो के लिऐ श्रद्धा सुमन अर्पित किऐ व आजादी के बाद 26 जनवारी हम गणत्रंत दिवस के रूप में हम क्यो मानते है बिस्तार से बताई एवं कबिता के माध्म से बताया गया की हमारे देश मे आज के दिन संविधान लागू हुआ था आज उसी संबिधान से देश चल रहा है ईशी लिऐ हम सब मिलकर गणत्रंत दिवस के रूप में मनाते है उद्बोधन के बाद देश सेवा कर वापस लौटे 10सैनिको का साल श्री फल देकर कल्पना पटेल एवं बिशमभर नाथ पटेल राम सेवक पटेल मुखिया रीठी सरपंच द्वारा संमानित किये गये ।

#### कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहभागी ग्राम वासियों मे

बृजभान पटेल भीमसेन तिवारी राम कुमार पटेल संन्तशरण पटेल मोतीलाल पटेल विशाल शुक्ला शिक्षक सैलेन्द्र देव बिनोद भट्ट रामाऔतार पटेल एवं कबि राम लखन सिंह महगना भौम्या चौरसिया नीरज निरमोही ललिता पाण्डेय सुलेखा पटेल को संमानित किया गया वरिष्ठ समाज सेवी हिरामणि पटेल श्रीनिवास कुशवाहा बिनोद पटेल बिनय भट्ट मितेश देव रामनरेश कोल रामलाल कोल सतीस पटेल दिलीप पटेल राजेन्द्र पटेल रामनरेश पटेल जितेन्द्र पटेल अमन सेन बिजय कोल बिजेश समय लाल पटेल राजमणि पटेल केठान दास साकेत रामसुमिरन कोल दिनेश साकेत राजबहोर साकेत रंजीत साकेत एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने खेलों एमपी यूथ गेम्स के तहत फुटबाल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खिलाड़ी को खेल में जीतने के साथ सीखना भी चाहिए। हार जीत से परे रहकर अपनी टीम के लिये अपना सर्वोत्तम देना ही खिलाड़ी का दायित्व है। श्री शुक्ल ने खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। स्पोर्टस काम्पलेक्स में राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी संभाग की टीमों के खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल भावना से खेलना चाहिए। हार-जीत से कोई फर्क नहीं पड़ता। जीतने पर घमण्ड न हो तथा हारने पर निराशा न हो। समभाव से अपना योगदान देकर सीखने की ललक के साथ प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी को अच्छे मैदान व खेल के आयोजन आवश्यक हैं। रीवा में खेल के मैदानों की कमी नहीं है और खेल प्रतियोगिताएँ भी आयोजित हो रही हैं जिनके माध्यम से खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की पहल पर यह आयोजन हो रहा है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि स्पोर्टस काम्पलेक्स में अप्रैल माह तक साढ़े दस करोड़ रूपये से सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण हो जायेगा। इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि रीवा में खेलों के विस्तार के लिये उप मुख्यमंत्री द्वारा हर संभव प्रयास किये गये हैं। हमारे खिलाड़ी खेल सुविधा प्राप्त कर प्रदेश में अपना स्थान अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि रीवा के लिये राज्य स्तरीय आयोजन की मेजबानी सौभाग्य का विषय है। रीवा से खेल प्रतिभाएँ आगे आ रही हैं। उन्हें अच्छे खेल मैदान व सुविधाएँ मिली हैं। चौहान ने खिलाड़ियों से अपेक्षा की कि खेल को खिलाड़ी भावना से खेलें क्योंकि खेल में या तो जीत होती है या हार। पर हार से निराश न हों। इससे पूर्व संभागीय खेल अधिकारी एम.के. धोलपुरी ने बताया कि रीवा के स्पोर्टस काम्पलेक्स, टीआरएस मैदान तथा सैनिक स्कूल ग्राउण्ड में प्रदेश के संभाग के खिलाड़ी फुटबाल मैच खेल रहे हैं। रीवा से भी 400 से अधिक खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने राज्य स्तर पर गये हैं। उप मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर विक्रम सिंह, पंकज सिंह पंकू, विवेक दुबे विधायक प्रतिनिधि,पूर्व पार्षद सतीश सिंह सहित खेल प्रेमी तथा संभागों के खिलाड़ी व कोच उपस्थित रहे।

### धर्म-निरपेक्षता ने भारत की संप्रभुता एकता और अखंडता को मजबूती दी : अजय खरे

**रीवा।** गणतंत्र दिवस की 76 वीं वर्षगांठ के अवसर पर समता सम्पर्क अभियान , नारी चेतना मंच, समाजवादी कार्यकर्ता समूह, विंध्यांचल जन आंदोलन के संयुक्त तत्वावधान में धोबिया टंकी के पास स्थित गड़रियान टोला वार्ड नंबर 40 में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम का संचालन नारी चेतना मंच की वरिष्ठ नेत्री डॉ श्रद्धा सिंह ने किया। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया जिसे उपस्थित सभी लोगों ने दोहराया। भारत के संविधान पर विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रस्तावना की मूल भावना से सभी को अवगत होना बहुत जरूरी है। प्रस्तावना को संविधान की मार्गदर्शिका बताया गया। कहा गया कि देश की आजादी के आंदोलन से उपजे मूल्यों संविधान पर गहरा प्रभाव है। इसमें लंबे समय के संघर्ष, त्याग और बलिदान के चलते मिली आजादी के मूल्यों को बखूबी सहेजा गया है। समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी संविधान का समतावादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य का स्वरूप बरकरार है। संविधान के साथ किसी तरह का खिलवाड़ देश की आजादी के मूल्यों की अवहेलना और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का घनघोर अनादर होगा। विविधता में एकता भारत की सांस्कृतिक विरासत है। धर्मनिरपेक्ष स्वरूप ने भारत की संप्रभुता एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान की है। श्री खरे ने कहा कि राज्य अपने नागरिकों के लिए समदृष्टि समभाव रखेगा। किसी तरह का भेदभाव और अन्याय नहीं होने देगा।। धर्म नितांत निजी आस्था का विषय है। किसी भी धर्म के आधार पर राष्ट्र की अवधारणा तय नहीं की जा सकती है। साझी शहादत , साझी विरासत भारत की असली पहचान है। गणतंत्र दिवस प्रस्तावना पाठ कार्यक्रम में समता संपर्क अभियान के वरिष्ठ नेता श्रवण प्रसाद नामदेव, बी पी नामदेव , वरिष्ठ साथी अरविंद त्रिपाठी, पुष्पा त्रिपाठी, इतवरिया चंदेल , गीता महंत, नैना चंदेल, सुनैना चंदेल, रेशमा चंदेल आदि की भागीदारी उल्लेखनीय रही।

# बाल विवाह मुक्ति रथ को अपर कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मऊगंज। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिला प्रशासन मऊगंज द्वारा "बाल विवाह मुक्त भारत" के 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत गहन जागरूकता एवं हस्तक्षेप के उद्देश्य से "बाल विवाह मुक्ति रथ" को अपर कलेक्टर मऊगंज एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आशीष द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाएगा।**



इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी, महिला एवं बाल विकास विभाग मऊगंज परियोजना अधिकारी निर्मला शर्मा, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी, आशीष शुक्ला, रीवा जिला समन्वयक सुमित सिंह, चक्रपाणि मिश्र, आरती पटेल, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, कार्यकर्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रथ के माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।